मध्य क्षेत्र कंपनी द्वारा नवीन विद्युत कनेक्शन के लिये ‘सरल संयोजन पोर्टल’शुरू

चर्चा में क्यों?

5 जुलाई, 2023 को मध्य प्रदेश जनसंपर्क विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को नवीन बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने हेतु ‘सरल संयोजन पोर्टल’को शुरू किया है।

प्रमुख बिंदु

- कंपनी द्वारा इस पोर्टल से अभी तक 10 आवेदकों को समस्त प्रक्रियाएँ पूर्ण कर आवश्यक दस्तावेज़ों सहित नये बिजली कनेक्शन के लिये ऑनलाइन आवेदन करने के 24 घंटे के भीतर ही नया बिजली कनेक्शन दे दिया गया है।
- इस पोर्टल से आवेदन अपूर्ण होने की स्थिति में कंपनी द्वारा आवेदक को एसएमएस से आवेदन पूर्ण करने का एक अवसर भी प्रदान किया जा रहा है। उपभोक्ता द्वारा इस पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन के बाद उसकी स्थिति को भी देखा जा सकेगा एवं उपभोक्ता को नया कनेक्शन लेने के लिये कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है।
- ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं को नया बिजली कनेक्शन सुगमता से मिले इसके लिये कंपनी द्वारा नवीन पोर्टल ‘सरल संयोजन पोर्टल’का क्रियान्वयन शुरू कर विधिवत पूर्ण आवेदन पर बहुत ही कम समय में नवीन कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है।
- अब उपभोक्ताओं को नवीन कनेक्शन के आवेदन के लिये सभी जरूरी जानकारी भरने के साथ ही डिमांड नोट का ऑनलाइन भुगतान करने बाद अनुबंध की शर्तें दिखाई देंगी, जिन्हें स्वीकार करने पर पोर्टल में स्वत: ही अनुबंध क्रियान्वित हो जाएगा।
- आवेदकों को इस पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन के साथ स्वयं का फोटो, पहचान पत्र, स्वामित्व संबंधी दस्तावेज़ तथा टेस्ट रिपोर्ट आदि अपलोड करना आवश्यक होगा।
- इस पोर्टल से आवेदक को अपूर्ण आवेदन होने की स्थिति में रिजेक्शन होने पर रजिस्ट्रेशन शुल्क के अतिरिक्त अन्य जमा शुल्क राशि ऑनलाइन माध्यम से खाते में तुरंत वापस कर दी जाएगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/-saral-sanyojan-portal-launched-by-central-sector-company-for-new-electricity-connection